# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुर्गा अष्टमी की समस्त राज्यवासियों को शुभकामनायें दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मां महागौरी का आशीर्वाद सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मां महागौरी सभी की मनोकामना पूर्ण करें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अष्टमी के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई दी है

*******************

जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड स्थित डिग्री महाविद्यालय परिसर में आज दुर्गा पूजा महाअष्टमी के शुभ अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो सहित महाविद्यालय के कर्मियों ने मिलकर खाली पड़ी भूमि पर पौधे लगाए और पर्यावरण संतुलन में वृक्षों के महत्व की जानकारी देकर लोगों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की।

*******************

पाकुड़ जिले में महाष्टमी के मौके पर पूजा पंडालों और दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना और पुष्पांजलि के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओ ने भक्तिभाव से मां महागौरी की पूजा अर्चना की। इधर उपराजधानी दुमका में दुर्गोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले में इस वर्ष 229 स्थानों पर देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई हैं। सभी मंदिरों में देवी की पूजा भक्ति भाव से की जा रही है। सरायकेला में भी महाअष्टमी पर सुबह से ही मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।

*******************

झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व सांसद डॉ. विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर शोक जताया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया एक्स पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

*******************

सरायकेला जिले में स्वच्छता ही सेवा है अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों की साफ–सफाई की जा रही है।

*******************

सिमडेगा जिले में शंख नदी में पानी की तेज धार में बहे बच्चे की तलाश जारी है। एनडीआरफ टीम की मांग करते हुए लोगों ने सिमडेगा कुरडेग मुख्य पथ को जाम कर दिया है।घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं करने का आरोप लगाते हुए लोगों ने गहरा आक्रोश जताया।

********************

अब से थोड़ी देर में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 की शुरूआत होगी। आज मेजबान भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिताब के 47 साल के इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेगी। 2025 महिला विश्व कप 50 ओवर के क्रिकेट टूर्नामेंट का 13वां संस्करण है जिसमें 8 टीमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान हिस्सा ले रही हैं।

********************

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2025 के खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों की अधिसूचनाएँ मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पात्र खिलाड़ी, प्रशिक्षक और संस्थाएँ अगले महीने की 28 तारीख तक ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट डीबीटीवाईएएस डॉट गॉव डॉट इन के माध्यम से अपने आवेदन जमा करा सकते हैं।

********समाप्त*********